18 लाख रुपये की डोडा पोस्त की बड़ी खेप पकड़ी

पुलिस ने मौके से दो फ़र्ज़ी नंबर प्लेट भी बरामद की है

- एएसपी (सहाडा) बुद्धराज सिंह और डीएसपी (मांडल) राहुल जोशी के सुपरविजन में पुर थानाधिकारी व डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया
- गाड़ी रुकते ही चालक कार छोड़कर अंधेरे में भाग निकला, जबकि खलासी सीट पर बैठे व्यक्ति को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया
- आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे यह डोडा पोस्त सांवलिया जी (चित्तौड़गढ़) क्षेत्र से लेकर आ रहे थे

भीलवाड़ा । जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत डीएसटी और पुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए डोडा पोस्त की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक क्रेटा कार से 123.550 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त ज़ब्त कर हरियाणा निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद डोडा पोस्त की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 18 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से दो फ़र्ज़ी नंबर प्लेट भी बरामद की हैं।

एएसपी (सहाडा) बुद्धराज सिंह और डीएसपी (मांडल) राहुल जोशी के सुपरविजन में पुर थानाधिकारी व डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

स्टॉप स्टिक से पंचर किए टायर : पुलिस के अनुसार 26 अगस्त की सुबह 4:49 बजे डीएसटी के हेड कांस्टेबल विजय सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ की तरफ से एक हुंडई क्रेटा कार (25 7576) में दो संदिग्ध डोडा पोस्त लेकर अजमेर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने हजारी खेड़ा चौराहा पर नाकाबंदी की। सामने पुलिस को देख कार चालक ने अचानक गाड़ी यू-टर्न कर भागने का प्रयास किया। इस पर मुस्तैद पुलिस टीम ने कार के आगे स्टॉप स्टिक लगा दी, जिससे कार के टायर पंचर हो गए और गाड़ी रुक गई।

चालक फरार, खलासी सीट पर बैठा आरोपी दबोचा : गाड़ी रुकते ही चालक कार छोड़कर अंधेरे में भाग निकला, जबकि खलासी सीट पर बैठे व्यक्ति को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुज कुमार पुत्र राजेश बिश्नोई (24), निवासी बड़वा (हरियाणा) बताया तथा फरार चालक का नाम विक्रम विश्नोई बताया। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे यह डोडा पोस्त सांवलिया जी (चित्तौड़गढ़) क्षेत्र से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 7 कट्टों में भरा 123.550 किग्रा डोडा पोस्त मिला। आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर पुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपी विक्रम की तलाश जारी है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम : थानाधिकारी कन्हैयालाल (पु.नि.), सउनि यशवीर सिंह, हेड कानि. कालूराम धायल, हेड कानि. विजय सिंह, कानि. राकेश भंडारी (विशेष योगदान), कानि. घीसूलाल (विशेष योगदान), कानि. कन्हैयालाल, असलम, बनवारी, घेवर, विक्रम और कमलेश।

पुष्कर में होटल पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ आठ लाख रुपये बरामद

एक करोड़ आठ लाख रुपये की नकदी बरामद के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुष्कर । निकाय चुनाव से ठीक पहले पुष्कर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित एक निजी होटल से एक करोड़ आठ लाख रुपये की नकदी बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अचानक हुई इस कार्रवाई से होटल और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने होटल में लोगों की आवाजाही रोककर पूरे परिसर की तलाशी और जांच शुरू कर दी। पुलिस की संयुक्त टीम ने होटल में प्रवेश करने और बाहर निकलने पर रोक लगा दी। होटल के आसपास भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए और बाहरी लोगों को परिसर से दूर रखा गया। कार्रवाई के दौरान पुष्कर के उपाधीक्षक सत्येंद्र नेगी और थाना अधिकारी अशोक बीशु मौके पर मौजूद रहे। पुलिस टीम होटल के भीतर मौजूद लोगों से पूछताछ करने के साथ ही दस्तावेजों और अन्य सामठी की जांच में जुटी रही। सूत्रों के अनुसार होटल से बरामद नकदी की मात्रा अधिक होने के कारण नोटों की गिनती के लिए भारतीय स्टेट बैंक से नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई गई। पुलिस द्वारा नकदी की गिनती, जब्ती और आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। बरामद राशि को लेकर पुलिस की ओर से कार्रवाई पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी सामने आने की संभावना है। - निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बीच इतनी बड़ी मात्रा में नकदी मिलने से राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इतनी बड़ी रकम होटल तक कैसे पहुंची और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। प्रारंभिक स्तर पर पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस किसी मामले की जांच के सिलसिले में होटल तक पहुंची थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने होटल में मौजूद लोगों से पूछताछ करने के साथ ही नकदी से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। फिलहाल पुलिस की ओर से बरामद राशि, गिरफ्तार आरोपी और पूरे प्रकरण को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद नकदी के स्त्रोत, इसके उद्देश्य और मामले से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में खुलासा कर सकती है।

भाजपा को लग सकता है झटका पूर्व पार्षद ने निर्दलीय नामांकन भरा

अलवर नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- वार्ड 11 से पूर्व पार्षद देवेंद्र रसगनिया ने भरा फॉर्म, कहा- टिकट नहीं दिया तो निर्दलीय लड़ूंगा चुनाव
- नामांकन फॉर्म में भाजपा और निर्दलीय दोनों विकल्प भरे हैं

अलवर। अलवर नगर निकाय चुनाव को लेकर अलवर में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन दाखिल करने के लिए मिनी सचिवालय में वार्डवार अलग-अलग कमरे निर्धारित किए गए हैं। वार्ड नंबर 1 से 13 तक के प्रत्याशी कमरा नंबर 17 से नामांकन फॉर्म लेकर वहीं जमा कर सकते हैं।

वार्ड 14 से 26 तक के लिए कमरा नंबर 32, वार्ड 27 से 39 के लिए कमरा नंबर 83, वार्ड 40 से 52 के लिए कमरा नंबर 66 तथा वार्ड 53 से 65 तक के लिए कमरा नंबर 78 निर्धारित किया गया है। इधर, शहर के एससी रिजर्व वार्ड नंबर 11 से पूर्व पार्षद देवेंद्र रसगनिया ने नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है।

उन्होंने नामांकन फॉर्म में भाजपा और निर्दलीय दोनों विकल्प भरे हैं। देवेंद्र रसगनिया का कहना है कि भाजपा यदि उन्हें टिकट देती है तो वे पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे, अन्यथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

देवेंद्र पिछला नगर निकाय चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीतकर पार्षद बने थे और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। इस बार वे वार्ड 11 से भाजपा का टिकट मांग रहे हैं। भाजपा की सूची जारी होने से पहले ही उन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया। उनका कहना है कि 27 अगस्त का उन्होंने मुहूर्त निकलवा रखा था, इसलिए पार्टी की सूची का इंतजार किए बिना नामांकन दाखिल किया है वहीं, वार्ड नंबर 50 से भी एक महिला प्रत्याशी ललिता देवी ने निर्दलीय के रूप में नामांकन फॉर्म दाखिल किया है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनावी मैदान में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है।

खानखेड़ा में गूंजा स्वच्छता का संदेश

बून्दी । राउप्रावि खानखेड़ा में गुरुवार को इको क्लब खानखेड़ा के तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त विद्यालय अभियान के तहत विद्यार्थियों, स्टाफ एवं ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई।

इसमें विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा विद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की शपथ ली। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने परिसर में बिखरे प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था की। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को प्लास्टिक की बजाय कपड़े एवं कागज के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई।

नेपाल भ्रमण पर गये लोगों के लिए प्रशासन सहायता के लिए आगे आया

जिलेवासियों की कुशलक्षेम के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय

- नेपाल भ्रमण पर गए जिले के नागरिकों के के परिजनों को आवश्यक सहायता के लिए कंट्रोल रुम बनाया

भीलवाड़ा। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में 26 अगस्त 2026 को भोटेकोशी नदी में आई आकस्मिक बाढ़ के कारण पर्यटकों एवं यात्रियों के प्रभावित होने तथा लापता होने की स्थिति को देखते हुए, नेपाल भ्रमण पर गए जिले के नागरिकों के संबंध में उनके परिजनों को आवश्यक सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है।

जिले के ऐसे नागरिकों के परिजन, जिनका कोई परिवारजन नेपाल भ्रमण पर गया हुआ है तथा वर्तमान में उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है अथवा उसके नेपाल में फंसे या प्रभावित होने की आशंका है, वे संबंधित व्यक्ति की जानकारी, जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर, नेपाल में संभावित स्थान, यात्रा/टूर ऑपरेटर का विवरण आदि, जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करा सकते हैं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस संबंध में सूचना एवं सहायता के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 01482-232671 तथा ई-मेल1234.पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के सहायता केन्द्र की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1070 एवं 112 तथा दूरभाष नंबर 0141-2851960, 0141-2385776, 0141-2385777, 0141-2227296, 0141-2927392 एवं 0141-2227603, नंबर 28888 और ई-मेल-.पर भी आवश्यक सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित नागरिकों के परिजनों से अपील की गई है कि यदि नेपाल भ्रमण पर गए उनके परिवारजन से संपर्क नहीं हो पा रहा है अथवा उनके नेपाल में फंसे या प्रभावित होने की आशंका है, तो उपलब्ध जानकारी संबंधित नियंत्रण कक्ष को शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

खेलो इंडिया पर छात्रों से संवाद

भीलवाड़ा। जिले के श्रीप्रताप सिंह बारहट राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिगविजय सिंह ने माय भारत पोर्टल की जानकारी देकर की। इस दौरान विद्यार्थियों को लाइव खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम दिखाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने की, जबकि संचालन प्रो. मूलचंद खटीक ने किया। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स आइकॉन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंकित मीणा ने स्विमिंग से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक विकास के बारे में जानकारी दी।

क्या इस बार भाजपा के पुराने पार्षद नही बनेंगे महापौर का चेहरा

- महापौर के लिए भाजपा लगा सकती है नए चेहरे पर दाव,पूर्व पार्षदों के दावे होंगे फेल
- पिछले चुनाव में भाजपा पार्षदों ने की क्रास वोटिंग से भाजपा बोर्ड बनाने से चूकी

अलवर । महापोर के सपने सजोए चुनाव मैदान में स्वयं या अपने परिवार के लोगों को चुनाव मैदान में उतार रहे भाजपा के पूर्व पार्षदों के सपने हो सकते है चकनाचूर भाजपा पिछले पार्षद व उनके परिवार के विजयी होने वाले प्रत्याषी को महापौर नही बनाएगी। भाजपा नए चेहरे पर दाव लगा सकती है। हो सकता है भाजपा पिछले पार्षदों को टिकट से ही वंचित कर पार्षदों को चौका भी सकती है।

भाजपा में टिकट की मांग को लेकर मची होड को देखते हुए भाजपा टिकट वितरण देरी कर सकती है वह अंतिम समय में टिकट वितरण करेगी ताकि टिकट की आस लेकर बैठै प्रत्याषी अपना विरोध दर्ज ना करा सके।इधर भाजपा के सूत्रों के अनुसार पिछली बार नगर परिषद चुनाव जब भाजपा पार्षदों की तरफ से क्रोस वाटिंग की गई थी और भाजपा के हाथ से बोर्ड खिसक गया था इसका अंदाजा भाजपा को है और पिछले सभी उन भाजपा पार्षद जिन्होंने क्रोस वाटिंग की वे भाजपा के रेडार पर है।

अलवर नगर निगम चुनाव में मेयर पद को लेकर भाजपा की रणनीति में नया मोड़ आ गया है। क्रॉस वोटिंग करने वाले पार्षदों को मेयर की दौड़ से बाहर माना जा रहा है, जिसके बाद पार्टी के सामने अब सिर्फ दो प्रमुख विकल्प बचे हैं। किसी नए चेहरे पर दांव लगाना या फिर किसी पिछली बार चुनाव हारे अनुभवी पुराने चेहरे को एक बार फिर मैदान में उतारकर मौका दिया जाए। अब पार्टी नेतृत्व दोनों विकल्पों पर मंथन कर अंतिम फैसला करेगा। दरअसल, बीजेपी इस बार हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है।

पिछले चुनाव में बहुमत के बावजूद मिली करारी हार से करीब-करीब यह तय है कि पिछली बार क्रॉस वोटिंग का शक झेल रहे पार्षदों को मेयर की दौड़ से पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। पिछले सभापति के चुनाव के दौरान एक ऑडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें पैसे के लेन-देन का भी जिक्र आया था। उससे अनुमान है कि निगम के मेयर केचुनाव में मोटा पैसा भी खर्च होता है। साल 2019 के नगर परिषद चुनाव में भाजपा के 27 और कांठोस के 19 पार्षद जीतकर आए थे, जबकि 19 निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे।

लगभग आधे निर्दलीय पार्षदों का समर्थन भी भाजपा के साथ था। इसके बावजूद भाजपा के मेयर प्रत्याशी धीरज जैन 9 वोटों से चुनाव हार गए थे। कुल 65 वार्डों में से कांठोस प्रत्याशी बीना गुप्ता 37 और बीजेपी के प्रत्याशी धीरज जैन को 28 वोट ही मिले थे। पार्टी के ही 8 से 10 पार्षदों ने सेंधमारी करते हुए कांठोस के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी थी, जिससे मोटा खर्च और स्पष्ट जनादेश होने के बावजूद भाजपा के हाथ से सीट निकल गई थी।

हार के बाद जांच समिति और बड़े नेताओं को संदिग्ध पार्षदों के नाम भेजे गए थे। हालांकि, वे नाम सार्वजनिक नहीं हुए, लेकिन वे सभी चेहरे अब संगठन की सूची (रडार) में हैं। भाजपा के दिग्गज नेताओं के सामने इस बार दो बड़ी चुनौतियां हैं। जिन पार्षदों ने पिछली बार अपनी ही पार्टी को धोबीपछाड़ दी थी, उन्हें इस बार मेयर का टिकट मिलना बहुत मुश्किल है। अगर क्रॉस वोटिंग वाले चेहरों में से किसी को टिकट दिया गया, तो पिछली बार हराए गए खेमे के पार्षद दोबारा बगावत कर सकते हैं। वहीं, टिकट कटने पर भी भीतरघात की संभावना बनी रहेगी। पार्टी की प्राथमिकता एक ऐसा निर्विवाद चेहरा लाने की है, जिसके साथ ज्यादा से ज्यादा पार्षद एकजुट हो सकें। ऐसे में या तो किसी नए और निष्ठावान पार्षद को आगे किया जाएगा, या फिर पिछले प्रत्याशी को दोबारा मौका देकर पुरानी हार का हिसाब चुकता करने का दांव खेला जा सकता है।

वाटिक के लिए 172.86 लाख रुपये मंजूर

बूंदी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी- जी राम जी) योजना के तहत पंचायत समिति बूंदी की 23 ग्राम पंचायतों में 36 अमृत पोषण वाटिका कार्यो के लिए एक करोड़ 72 लाख 86 हजार रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृती जारी की गई है।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चारू (आई.ए.एस.) ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा की पालना में कार्यों की स्वीकृतियां जारी की गई है।

नियमानुसार जांच उपरांत ग्राम पंचायत मद योजना के साथ कन्वर्जेंस कर स्वीकृतियां जारी की गई।

करोड़ों की टेक्स चोरी के लिए 8 अरब हांगकांग भेजे

- हांगकांग रुपये भेजने के बाद यही रुपये फर्जी कंपरियों के जरिये वापस आने थे

श्रीगंगानगर । यहां रायसिंहनगर से विदेश में 815 करोड़ रुपए भेजे जाने के मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सीए शेरिल गुप्ता ने बताया कि- ये रुपए हांगकांग भेजे गए थे। इसके बाद फर्जी कंपनियों के जरिए ये रुपया वापस भारत में आना था। एक कंपनी से तो सीए ने विदेश में 990 ट्रांजैक्शन कर 610 करोड़ से ज्यादा रुपए विदेश में ट्रांसफर किए थे। शेरिल ने बिना डॉक्यूमेंट जांच किए इन रुपयों को लेकर 15सीबी का सर्टिफिकेट भी दे दिया। आयकर विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सर्वे के दौरान शेरिल गुप्ता ने स्वीकार किया कि संबंधित अकाउंट्स, समझौतों और दस्तावेजों को खुद नहीं देखा और न ही उनका वेरिफिकेशन किया। कई लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं किया था या उनका घोषित कारोबार बहुत कम था, फिर भी उनके नाम पर बड़ी रकम विदेश भेजी गई। आईटी विभाग के अनुसार, इनमें से कुछ शेल कंपनियां भी थीं। 18 अगस्त रायसिंहनगर में सीएम शेरिल गुप्ता के ऑफिस में सर्च की गई थी। इस दौरान टैक्स चोरी की जानकारी मिली। आयकर विभाग के उपनिदेशक (अन्वेषण) कन्हैयालाल मीणा की शिकायत पर रायसिंहनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में अन्य मध्यस्थों और संभावित सिंडिकेट की भूमिका की जांच की बात कही गई है। अगर कोई अन्य व्यक्ति या समूह शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। अब ईडी ने इस प्रकरण में पुलिस से फाइल मांगी है। श्रीगंगानगर में एक बड़ा हवाला कारोबारी पर भी आयकर विभाग के रडार पर है। नियम के हिसाब से एक कंपनी रेमिटेंस के माध्यम से 5 से 10 लाख तक रुपए विदेश भेज सकती है। अगर रकम इससे ज्यादा है तो फॉर्म-15ग लगाना पड़ता है। जिसका टैक्स 20 प्रतिशत होता है। 20 प्रतिशत के हिसाब से 815 करोड़ का टैक्स 163 करोड़ रुपए बनता है। फॉर्म-15सीबी आयकर नियमों के तहत चार्टर्ड अकाउंटेंट जारी करता है। जब कोई व्यक्ति या विदेशी कंपनी फाइनेंशियल इन्यर में 5 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान (जो भारत में कर योग्य हो) करता है और इसमें आकलन अधिकारी से धारा 195/197 के तहत प्रमाणपत्र नहीं लिया गया है। इसमें सीए भुगतान की प्रकृति, उद्देश्य, लागू टीडीएस दर, कर कटौती और आयकर अधिनियम की धारा 5 व 9 तथा डबल टैक्सेशन अवॉइडेंस एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार कर योग्यता की जांच करके प्रमाणित करता है।

प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितम्बर

कोटपूतली, (निसं)। वर्धमान महावीर खुला विष्वविद्यालय कोटा के अकादमिक सत्र 2026-27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितम्बर तक बढ़ाई गई है।

अध्ययन केन्द्र राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय कोटपूतली के प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने बताया कि विष्वविद्यालय द्वारा बीए, बीएससी, लाईब्रेरी स्नातक, स्नातकोत्तर, गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिये जा रहे है। इच्छुक विद्यार्थी ई-मित्र, मोबाईल/कंप्युटर द्वारा ऑनलाईन माध्यम से 10 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते है।

अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो. अशोक सिंह ने बताया कि वीएमओयू ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सत्र 2026-27 में सेमेस्टर प्रथम, द्वितीय दोनों में एक साथ प्रवेश दिया जा रहा है तथा प्रमोटी प्रवेश भी चालू है एवं विद्यार्थी नियमानुसार एक साथ दो डिग्री में प्रवेश ले सकता है। प्रवेश लेते समय पाठ्य सामग्री नहीं लेने पर कुल फीस में 15 प्रतिशत की छुट का प्रावधान किया गया है।

विश्वविद्यालय महिला विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है, जिनकी फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी।

भाई की कलाई पर आज सजेगा बहिनों की राखी का संसार

रक्षाबंधन पर रंग बिरंगी आकर्षक राखियों से सजा बाजार

- भाइयों के लिए राखियां खरीदती नजर आई युवतियां व महिलाओं

बून्दी। भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार इस बार शुक्रवार 28 अगस्त को हर्ष और उल्लास से मनाया जाएगा। बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने की तैयारी को लेकर खरीदारी में जुटी हुई है, तो बूंदी शहर में भी राखी बाजार सज गया है जहां पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने के लिए खरीदारी करने पहुंच रही है। इसी को लेकर बूंदी में राखी बाजार सजाने के साथ ही महिलाएं युवक युवतियां परिवारजन सभी राखी की खरीदारी करने बाजार में पहुच रही हैं। भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने को लेकर राखी खरीदने राखी बाजार जो की बूंदी शहर के चैगान गेट पर लगा हुआ है और 12 महीने इस रक्षाबंधन के त्यौहार का इंतजार करने वाली बहने अपने भाइयों की कलाई के लिए सुंदर और महंगी राखियां भी खरीद रही है। बूंदी में राखी की अगर बात करें तो इस बार डायमंड वाली राखियां, छोटी राखियां ,बच्चों के लिए डोरेमोन ,कार्टून और लाइट वाली राखियां दुकानों पर बिकने के लिए आई हुई है। बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए अपनी पसंद की अच्छी से अच्छी राखी खरीद रही है, ताकि भाई की कलाई पर वह राखी अच्छी भी लगे। बहने बड़ी खुशी से रक्षाबंधन के इस पर्व को सेलिब्रेट करने की तैयारी को लेकर खरीदारी करने में जुटी हुई है। नारियल मिठाई या राखी फिर अन्य सभी की खरीदारी करने के लिए बाजार में पहुंच रही है तभी तो बाजार में खरीदारी को लेकर रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए भीड़भाड़ का नजारा देखने को मिल रहा हैं। 27 वर्षों बाद भद्रा मुक्त रक्षाबंधन रक्षाबंधन के दिन बहन अपने भाई की लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करते हुए उसकी कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन को जीवन भर उसकी रक्षा करने का वचन देता है, जबकि गुरु अपने शिष्यों और पुरोहित अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद देते हैं।ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम जगन्नाथपुरा के अनुसार 27 वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। इसके साथ ही इस बार रक्षाबंधन पर पांच शुभ योगों, सुकर्मा योग, बुधादित्य योग, उभयचरी योग, सर्वार्थ सिद्धि योग तथा त्रिपुष्कर योग का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। जिससे यह पर्व धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत विशेष माना जा रहा है। वहीं भद्रा काल नहीं होने के कारण पूरे दिन रक्षा सूत्र बांधने में कोई बाधा नहीं रहेगी। ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम जगन्नाथपुरा के अनुसार पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को शुरू होकर 28 अगस्त की सुबह लगभग 9.45 बजे तक रहेगी। भद्रा काल 27 अगस्त की सुबह 9.08 बजे शुरू होकर रात 9.32 बजे समाप्त हो जायेगा। भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त होने के कारण इस बार बहनों को राखी बांधने के लिए सुबह से ही पर्याप्त समय मिलेगा। उदय व्यापिनी सिद्धांत के अनुसार पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकेगा। शुक्रवार को सुबह 9.48 बजे तक पूर्णिमा तिथि रहने के कारण इस अवधि को विशेष शुभ माना गया है, दोपहर 12.29 बजे से 2.04 बजे तक तथा सांय 5.14 से 6.50 बजे तक शुभ मुहूर्त में रक्षा सूत्र बांधे जा सकते है। इस दौरान 28 अगस्त को दिन के 10.31 बजे से दोपहर 12.07 बजे तक राहुकाल रहने से शास्त्रीय मान्यता के अनुसार इस अवधि में बहनों को इस समय राखी बांधने से बचना चाहिए । श्रावणी पूर्णिमा पर बूंदीस्थ ज्योतिष एवं धर्मशास्त्र परिषद के तत्वावधान में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन माधव की पेडिया पर शुक्रवार को प्रात: 9 बजे किया जायेगा। इस वैदिक आयोजन में विप्र गण नूतन यज्ञोपवीत धारण कर विश्व शांति, मानव कल्याण एवं अखिल विश्व के अभ्युदय की कामना के लिए भद्र सूक्त आदि का पाठ करेंगे । राजस्थान रोडवेज ने हर साल की तरह इस साल भी रक्षाबंधन पर महिलाओं और बालिकाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात दी है। रोडवेज प्रबंधक घनष्याम गौड़ ने बताया कि रक्षाबंधन के मौके पर दो दिन 28 और 29 अगसत को रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में महिलाएं-बालिकाएं मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।